
परीक्षा — कुण्डम विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पड़रिया का मामला

# बारहवीं के पेपर में नकल करते मिला विद्यार्थी



(फाइल-फोटो)

**नवभारत, जबलपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में एक विद्यार्थी को नकल करते हुए कलेक्टर द्वारा गठित किए गए एसडीएम कुण्डम दल ने निरीक्षण के दौरान पकड़ कर नकल प्रकरण बनाया। सहायक संचालक आर के बधान से मिली जानकारी के अनुसार विज्ञान विषय लेने वाले विद्यार्थियों का शुक्रवार को भौतिक विषय का पेपर, कॉमर्स लेने वाले विद्यार्थियों का अर्थशास्त्र और अन्य इतिहास, विज्ञान के तत्व का पेपर था। पेपर के दौरान एसडीएम कुण्डम दल द्वारा शा. उ. मा. वि. पड़रिया में निरीक्षण के दौरान रोल नंबर 711064 विद्यार्थी नकल करते हुए पाया गया, जिसका नकल प्रकरण तैयार कर मंडल में भेज दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि जिले में चल रही बोर्ड परीक्षा को लेकर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा अनुभाग स्तर, जिला स्तर तथा विकासखण्ड स्तर पर निरीक्षण दलों (फ्लाइंग स्क्वाड) का गठन किया है। अनुभाग स्तर पर गठित फ्लाइंग स्क्वाड की कमान संबंधित अनुभाग के एसडीएम को सौंपी गई है। वहीं, जिले में स्थित सभी परीक्षा केंद्रों के आकस्मिक निरीक्षण के लिये जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन किया है।

### 176 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

सहायक संचालक आर के बधान ने बताया कि बारहवीं की यह परीक्षा जिले के 99 केंद्रों में आयोजित हुई, जिसमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के मिलाकर कुल 15809 विद्यार्थी शामिल होने वाले थे लेकिन 15633 विद्यार्थियों ने ही यह परीक्षा दी है, जबकि 176 विद्यार्थी परीक्षा में अनुपस्थित थे।

### आज बारहवीं में बायोलॉजी का पेपर

माशिमं द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में आज बारहवीं कक्षा में बायोलॉजी का पेपर है। इस परीक्षा में विज्ञान विषय में बायोलॉजी लेने वाले विद्यार्थी शामिल होंगे।

### उर्दू के पेपर के साथ शुरु हुई दसवीं की परीक्षा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा शुक्रवार से दसवीं कक्षा की परीक्षाएं उर्दू के पेपर के साथ शुरु हो गई हैं। जानकारी के अनुसार दसवीं कक्षा में उर्दू विषय लेने वाले 871 विद्यार्थियों में से 861 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा दी, जबकि 10 विद्यार्थी परीक्षा में अनुपस्थित थे। यह परीक्षा कुल 12 केंद्रों पर आयोजित की गई।

# बकाया राशि जमा नहीं करने पर की गई कुर्की

संभाग क्रमांक 3, 7 एवं 10 में करदाताओं पर कसा शिकंजा



**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम द्वारा संभागवार एवं वार्डवार राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। जिसकी समीक्षा प्रतिदिन निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को संभाग क्रमांक 3 रामपुर, संभाग क्रमांक 7 अधारताल एवं 10 रांझी में वसूली अभियान चलाया गया। संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 3 रामपुर ने बताया कि बाबूराव परांजपे वार्ड के अंतर्गत रामस्वरूप पर बकाया राशि 74 हजार 9 सौ 20 रूपये, सरोज नेमा बकाया राशि 49 हजार 7 सौ 16, अरूण नेमा बकाया 15 हजार 7 सौ 76, अनुभा नेमा पर बकाया राशि 17 हजार 4 सौ 10, प्रेमलाल कश्यप पर बकाया राशि 1 लाख 13 हजार 68 रूपये, एकराम चौधरी पर बकाया राशि 1 लाख 18 हजार 7 सौ 40 रूपये एवं नेचुरल मेडिको नरेन्द्र जायवाल पर बकाया राशि 5 लाख 19 हजार 6 सौ 27 रूपये होने पर कुर्की की कार्यवाही के लिए नोटिस चस्पा किया गया। वहीं संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 7 ने जानकारी देते हुए बताया कि संभाग 7 अधारताल के अंतर्गत शहीद अब्दुल हमीद वार्ड में केशर बाई चौरसिया के भवन पर 1 लाख 1 हजार 5 सौ 94 रूपये बकाया एवं महर्षि महेश योगी वार्ड के अंतर्गत भवन क्रमांक 1075/1 जगदीश तिवारी के भवन पर 86 हजार 3 सौ 40 रूपये बकाया होने पर कुर्की की कार्यवाही हेतु नोटिस चस्पा किया गया। नोटिस जारी होने के 3 दिवस के अंदर राशि जमा नहीं की जाती है तो कुर्की की वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

### रांझी में भी कार्रवाई

इसी प्रकार संभाग क्रमांक 10 रांझी के संभागीय अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रॉझी में 1 लाख 4 हजार 34 रूपये बकाया होने पर कुर्की की कार्यवाही के लिए नोटिस चस्पा किया गया एवं नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही की गयी। नोटिस जारी होने के 3 दिवस के अंदर राशि जमा नहीं की जाती है तो कुर्की की वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# संगठन को मजबूती देने बैठक आयोजित

कांग्रेस जिला समन्वयक समिति की बैठक में दिखी एकजुटता




**नवभारत, जबलपुर।** संगठन को मजबूती देने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने, जमीनी स्तर पर पार्टी की विचारधारा को प्रभावी ढंग से पहुंचाने की रणनीति तैयार करने के उद्देश्य से शुक्रवार को कांग्रेस जिला समन्वयक समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मध्य प्रदेश के सह प्रभारी चंदन यादव एवं जिला प्रभारी राजकुमार खुराना विधायक लखन घनघोरिया, संजय यादव एवं कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने अपने उद्बोधन में संगठन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और जनता से सतत संवाद को प्राथमिकता देने पर बल दिया। वहीं बैठक में सभी सदस्यों द्वारा दोनों जिला अध्यक्षों को संगठन के विस्तार एवं नियुक्तियों के लिए सर्वसम्मति से स्वतंत्र अधिकृत किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक विनय सक्सेना, आलोक मिश्रा, सतीश तिवारी, सम्मति सैनी, गीता शरद तिवारी, कौशल्या गोंटिया, कमलेश यादव, रुक्मणी गोंटिया, चिंटू चौकसे, सोनू कुकरेले सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

### शीघ्र एवं प्रभावी न्याय के लिये कार्यशाला आज

**जबलपुर।** शीघ्र एवं प्रभावी न्याय का मार्ग प्रशस्त करने हेतु अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद द्वारा आज 14 फरवरी 2026 को तिलवारा स्थित निजी होटल में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीपति जेके माहेश्वरी कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव सचदेवा उपस्थित रहेंगे। मध्यस्थता एवं अन्य वैकल्पिक समाधान विषय पर आयोजित कार्यशाला सुबह 10 बजे शुरू होगी।

पनागर पुलिस ने दर्ज किया मामला

# जमीन बेचने का सौदा कर 6 लाख हड़पे


**नवभारत, जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत इमलई स्थित भूमि को बचेने का 18 लाख 99 हजार रूपए में सौदा करते हुए ब्याना 6 लाख रूपये लेकर जालसाज ने भूमि किसी और को बेच दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक अनिरूद्ध सुखेजा पिता रविन्द्र सुखेजा 40 वर्ष निवासी सुधा विहार रामपुर गोरखपुर ने शिकातय करते हुए बताया कि पनागर थाना क्षेत्र में राजेन्द्र कुमार पटेल पिता कुंजीलाल पटेल से उनके स्वामित्व की भूमि इमलई रकवा 0.19 हे. कुल कीमत 18,99,000 में क्रय करने का सौदा तय किया था। जिसकाअनुबंध भी हुआ थ। बतौर ब्याना 6,00,000 रूपए राजेन्द्र कुमार पटेल को दिया था। लेकिन राजेन्द्र कुमार पटेल द्वारा उससे एग्रीमेन्ट बतौर 6 लाख रूपया प्राप्त करने के बाद भी एग्रीमेन्ट को निरस्त कराये बिना महेश यादव को उक्त जमीन को बेच दिया। राजेन्द्र कुमार पटेल पिता कुंजीलाल पटेल 49 वर्ष निवासी ग्राम इमलई द्वारा महेश यादव से अधिक राशी लेकर उक्त जमीन को बेचकर अधिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से अनिरूद्ध सुखेजा के साथ धोखाधड़ी की है।

### बीमा पॉलिसी के नाम पर 1 .10 लाख ऐंठे

बीमा पॉलिसी के नाम पर जालसाजों ने एक शिक्षिका को एक लाख दस हजार रूपए की चपत लगा दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कर ली है। ओमती पुलिस के मुताबिक सुनीता अरोरा ने बताया कि वे प्राईवेट स्कूल में टीचर है। एचडीएफसी बैंक की बीमा पॉलसी 10 वर्ष पूर्व ली गयी थी जिसकी पूरी किश्ते नहीं दे पायी थी। अलग अलग नबंरों से व्हाटसएप कॉल आया कि जिसमें बोला गया कि उपरोक्त पालिसी की अवधि पूर्ण होने वाली है। कॉल करने वालों ने स्वयं को एचडीएफसी बीमा कंपनी का अधिकारी बताकर बात की। जिसमें उन्होंने खुद को दयानंद शारदा एवं अन्य व्यक्ति रजत शर्मा नाम बताकर अपने आप को आरबीआई का विशेष अधिकारी बताये। दयानंद शारदा ने स्वयं को आरबीआई का विशेष अधिकारी बताकर कहा कि उपरोक्त राशि 1,50,000 रूपये आदित्य बिडला सन लाईफ बीमा कंपनी में भेजी जायेंगी एवं 180 दिन के पश्चात रूपये 14,35,410 की राशि आपको मिलेगी। इन्होंने मिलकर पालिसी के संबंध में गलत जानकारी देकर उससे 1,50,000 रूपये आदित्य बिडला कंपनी में ट्रांसफर करवा लिए एवं कंपनी के द्वारा उसे पालिसी के नियमों के अनुसार 40,000 रूपये उसके एसबीआई के खाता में वापस किये थे। रजत शर्मा एवं दयानंद ने गलत जानकारी देकर आदित्य बिडला सन लाईफ बीमा कंपनी की बीमा पालिसी बेच कर 1,10,000 रुपये की धोखाधड़ी की है।

# क्रूरता : लाठी से वार कर तोड़ दिए बछिया के पैर

गौसेवकों ने पहुंचकर बचाई जान, आरोपी पर प्रकरण दर्ज




**नवभारत, जबलपुर।** पनागर थाना क्षेत्र में बछिया पर खेत मालिक ने क्रूरता पूर्वक लाठी से हमला कर दिया। बछिया के दोनों पैर टूट गए। सूचना मिलते ही गौसकों ने पहुंचकर बछिया की जान बचाई। साथ मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक रोहित साहू निवासी विद्यासागर वार्ड पनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे गौ सेवक है। अभिषेक पटेल निवासी निभौरा का अपने खेत में एक सफेद रंग की बछिया के साथ क्रूरतापूर्वक लाठी से मारपीट कर रहा था। सूचना मिलने पर वे अपने गौ सेवकों राजा सेन, बलराम ठाकुर, नितिन ठाकुर के साथ मौके पर गया तो देखा कि अभिषेक पटेल के खेत में एक सफेद रंग की बछिया जिसकी उम्र लगभग 1 साल की होगी जिसके पीछे के दोनों पैर टूटे हुए थे खून निकल रहा था। कमर में भी चोट थी जिसे गौ सेवकों की मदद से आटों में लादकर गौ उपचार केन्द्र पनागर में छोड़ा गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर अभिषेक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### गांजा पीने रूपए नहीं दिए तो मार दिया बका

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत कटियाघाट में गांजा पीने रूपए न देने पर नशेड़ी ने युवक पर बका से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को श्रीराम चक्रवर्ती 36 वर्ष निवासी कटियाघाट हॉस्टल के पीछे चौकी गौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह लगभग 9-30 बजे रितिक उर्फ संदीप मलिक आकर गांजा पीने के लिये 200 रूपये की मांग करने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो रितिक उर्फ संदीप मलिक ने बका से हमला कर चोट पहुंचा दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# मप्र में एनपीएस-ओपीएस के नए पेंशन नियम लागू

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने की सराहना



**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश सरकार ने पेंशन व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव करते हुए एनपीएस से जुड़े कर्मचारियों के परिजनों को पहली बार फैमिली पेंशन देने का निर्णय लिया है। 1 जनवरी 2005 के बाद नियुक्त किसी कर्मचारी की 10 वर्ष की सेवा पूर्ण होने से पहले मृत्यु होने पर उसके आश्रितों को राज्य सरकार अपने संसाधनों से अंतिम वेतन का एक-तिहाई फैमिली पेंशन देगी। यह व्यवस्था 1 अप्रैल 2026 से लागू होगी। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव ने इसे एनपीएस की बड़ी कमी को दूर करने वाला फैसला बताया। प्रदेश प्रवक्ता अनिल भार्गव वायु ने कहा कि सरकार ने फैमिली पेंशन की परिभाषा को व्यापक बनाया है। प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह ने इसे कर्मचारी संघ की मांग पर सकारात्मक कार्यवाही बताया। जानकारी के अनुसार कैबिनेट की मंजूरी के बाद अब 40 प्रतिशत से अधिक मानसिक या शारीरिक दिव्यांग संतान को मेडिकल बोर्ड के प्रमाणपत्र के आधार पर फैमिली पेंशन मिलेगी। साथ ही ओपीएस और एनपीएस दोनों में कर्मचारी की तलाकशुदा बेटी को भी बिना आयु सीमा के पेंशन का अधिकार दिया गया है, जो पुनर्विवाह की स्थिति में समाप्त हो जाएगा। संघ के अटल उपाध्याय, देवेंद्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, योगेन्द्र मिश्रा, अर्जुन सोमवंशी, रजनीश पांडेय, विनय नामदेव, सतीश उपाध्याय, सुशील गुप्ता, राजा राम डहरिया, परशुराम तिवारी, अजय दुबे, राहुल पांडेय और अरुण पटेल सहित अन्य पदाधिकारियों ने शासन के निर्णय की सराहना की है।

# यौन शोषण के आरोप में फंसे महामंडलेश्वर का स्वास्थ्य बिगड़ा

कमरे से नहीं निकले बाहर शिष्य ने की कथा



**जबलपुर।** यौन शोषण के आरोप में फंसे महामंडलेश्वर और कथावाचक उत्तम स्वामी का शुक्रवार को स्वास्थ्य बिगड़ गया है। भेड़ाघाट थाना अंतर्गत हीरापुर स्थित आश्रम में 15 फरवरी तक भागवत कथा कर रहे उत्तम स्वामी का स्वास्थ्य इतना बिगड गया कि वह अपने कक्ष से ही बाहर नहीं निकले। जिसके चलते तयसमय पर कथा शुरू नहीं हुई। हालांकि बाद में उनके शिष्य ने कथा शुरू की। दरअसल उत्तम स्वामी का भेड़ाघाट हीरापुर में 10 एकड़ में आश्रम है जहां उनकी नौ से 15 फरवरी तक कथा चल रही है। शुक्रवार दोपहर उनकी तबियत बिगड़ी जिसके चलते वह कक्ष से बाहर नहीं निकले। दोपहर दो बजे शुरू होने वाली कथा साढ़े तीन बजे बाहर शुरू हो सकी वो भी उनके शिष्य ने की। विदित हो कि राजस्थान निवासी युवती ने महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। 12 फरवरी को दिल्ली पुलिस को ई मेल करते हुए सुरक्षा मांगी है। आरोप है कि एफआईआर कराने की जानकारी लगते ही उसे धमकियां मिल रही हैं जिससे वह दहशत में है।

# बेटी की पहल पर पूरे परिवार ने लिया महादान का संकल्प

स्व. भटकर की इच्छा पूरी कर परिजनों ने मेडिकल कॉलेज को सौंपा पार्थिव देह




**नवभारत, जबलपुर।** दान की प्राचीन परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अग्रवाल कॉलोनी निवासी 55 वर्षीय स्व. शिरीष श्याम भटकर के परिजनों ने उनके निधन के उपरांत देहदान का संकल्प साकार कर समाज के सामने प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। 21 जनवरी 2026 को उनके आकस्मिक निधन के बाद बड़े भाई राजू श्याम भटकर, अविनाश श्याम भटकर तथा अरुण जैन सहित समस्त परिवारजनों ने उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए पार्थिव देह सुख सागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल को समर्पित कर दी, ताकि एमबीबीएस विद्यार्थियों को अध्ययन व शोध में सुविधा मिल सके। स्व. भटकर की भतीजी 21 वर्षीय बी.टेक. छात्रा कु. हर्षिता जैन की प्रेरणा से उनके पिता अरुण जैन, माता खुशी जैन, स्वयं हर्षिता जैन, अर्चना भटकर (बुआजी) एवं आशीष भटकर (फूफाजी) ने भी देहदान का संकल्प लिया।

### अन्य शहरों से मंगानी पड़ी थीं 20 पार्थिव देह

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व मेडिकल कॉलेज को 20 पार्थिव देह अन्य शहरों से मंगानी पड़ी थीं, जबकि 21 जनवरी को प्राप्त 21वीं देह स्थानीय जबलपुर निवासी की रही। कॉलेज के एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश विजय कुमार, डॉ. बी.के. गुहा, डॉ. ए.वी. लखन पाल एवं प्रबंधन ने परिजनों को सम्मान पत्र प्रदान कर इस महादान के प्रति आभार व्यक्त किया तथा समाज से अधिकाधिक सहभागिता की अपील की।

### करहिया भदौली एवं पथरिया स्टेशन पर ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव

**जबलपुर, नवभारत।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के दो स्टेशनों पर दो ट्रेनों भोपाल-इटारसी एक्सप्रेस का 14 फरवरी से पथरिया एवं भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस का 13 फ़रवरी से करहिया भदौली स्टेशन पर दोनों दिशाओं में 02 मिनट का अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह अतिरिक्त ठहराव उक्त तिथि से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। गाड़ी संख्या 11271 इटारसी-भोपाल एक्सप्रेस का पथरिया स्टेशन पर आगमन समय 01:03 बजे एवं वापसी में गाड़ी संख्या 11272 भोपाल-इटारसी एक्सप्रेस का पथरिया स्टेशन पर आगमन समय 00.03 बजे होगा।

# रोती बिखलती मिली मासूम को पुलिस ने मां से मिलाया

गुमी बच्ची को पाकर खिले परिजनों के चेहरे



**जबलपुर।** प्रेमसागर चौकी स्थित दुर्गा मंदिर के पास एक पांच साल की मासूम रोती बिलखती हुई पुलिस को मिली। जिसके बाद पुलिस ने खोजबीन शुरू की और उसे मां से मिलाया। गुमी बच्ची को पाकर परिजनों के चेहरे खुशी से खिल गए। टीआई सुभाष चंद बघेल ने बताया कि शुक्रवार कोचौकी प्रेमसागर के पास स्थित दुर्गा मंदिर के पास एक पांच वर्षीय बच्ची रोते हुई चौकी प्रभारी उप निरीक्षक महेन्द्र बेन समेत स्टाफ को मिली। जिसने पूछताछ पर माता पिता का नाम बताया लेकिन घर का पता नहीं बता पा रही थी। जिसके बाद अधिकारियों एवं कन्ट्रोल रूम को सूचना दी गई। कन्ट्रोल रूम द्वारा वायरलैस सैट के माध्यम से शहर देहात के सभी थानों को लावारिस हालत में रोते हुये मिली बच्ची के सम्बध में जानकारी देते हुये बताया गया। साथ ही ब च्ची को आसपास के क्षेत्र में ले जाकर पतासाजी की गई तो भानतलैया में एक महिला मिली जिसने उक्त बच्ची को स्वयं की होना बताई। महिला ने बताया कि ग्राम मंगवा बांधकर मोहल्ला थाना मनगांव जिला रीवा की रहने वाली है वर्तमान में भानतलैया में रहने वाले रिश्तेदार के यहॉ आकर रूकी है लगभग डेढ-दो घंटे पहले बच्ची रिश्तेदार के घर के पास खेलते-खेलते कहीं चली गयी थी जिसकी तलाश वह एवं परिजन पिछले डेढ घंटे से कर रहे थे। पुलिस ने बच्ची को मां के सुपुर्द करते हुए उसका ध्यान रखने की समझाइश दी।

### झगड़ते थे मामा-पिता तो घर छोड़कर चली गई थी नाबालिग बेटी

लार्डगंज थाना क्षेत्र से अचानक गायब हुई बालिका को पुलिस ने दस्तयाब कर लिया है। पूछताछ में यह बात सामने आई कि माता-पिता के झगड़े के चलते वे घर छोड़कर चली थी। पुलिस ने उसे अब नानी के सुपुर्द किया है। टीआइ नवल सिंह आर्य ने बताया कि 36 वर्षिय महिला ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसकी 17 वर्षिय बेटी बिना बताये कही चली गयी है जो तलाश करने पर नहीं मिली। कोई अज्ञात 17 वर्षिय बेटी को बहला फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पतासाजी करते हुये 17 वर्षिय किशोरी को दस्तयाब किया। जिसने पूछताछ करने पर माता पिता का आपस में विवाद होने के कारण घर से चली गयी थी एवं ग्वारीघाट में अकेले रह रही थी, 17 वर्षिय बालिका की मॉ वर्तमान में काम करने बाहर गई इसलिये बालिका को नानी के सुपुर्द किया गया।



# स्वच्छता के 'असली नायकों' का सम्मान

**नवभारत, जबलपुर।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में दिन-रात जुटे रहने वाले स्वच्छता योद्धाओं के प्रति नगर निगम ने अपनी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता दिखाई। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर संभाग क्रमांक 8 स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास सामुदायिक भवन में एक विशेष 'सफाईमित्र स्वास्थ्य एवं सुरक्षा शिविर' का भव्य आयोजन किया गया। शिविर में प्रशिक्षित डॉक्टरों की एक अनुभवी टीम द्वारा सभी सफाई मित्रों का गहन स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के तुरंत बाद ही सफाई मित्रों को जरूरी चिकित्सकीय परामर्श दिया गया और जिन्हें आवश्यकता थी, उन्हें मौके पर ही उपचार भी उपलब्ध कराया गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया और कार्यस्थल पर जोखिम को कम करने के लिए सफाई मित्रों को पी.पी.पी. किट प्रदान की गई।। कार्यक्रम का समापन एक गौरवपूर्ण क्षण के साथ हुआ, जहाँ उपस्थित सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और सफाई मित्रों ने शहर को स्वच्छ बनाए रखने और अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाने की सामूहिक 'स्वच्छता शपथ' ली।

लापरवाही — रोज़ शहर की सड़को में भर रहे फर्राटा

# नियम बने मजाक : कही डिजाइनर तो कही जंग लगी नंबर प्लेट




**जबलपुर, नवभारत।** शहर की सड़को पर आधे-अधूरे, डिजाइनर या अस्पष्ट नंबर प्लेट वाले सैकड़ों वाहन रोज़ देखें जा सकते हैं। ऐसे वाहनों को सड़को पर दौड़ाना यातायात नियमों का खुला उल्लंघन करना है। युवा अक्सर नियमों को ताक पर रखकर फैशनेबल प्लेटें लगाते हैं और यातायात पुलिस के सामने ही नियमों को तहस-नहस कर गाड़ी चलाते हैं।

### डिजाइनर या जंग लगी नंबर प्लेट

शहर सहित अन्य क्षेत्र में लंबे समय से देखने को मिल रहा है कि कई वाहन मालिक अपने वाहनों में आकर्षक ढंग से डिजाइनर वाली नंबर प्लेट लगा रखी हैं। किसी ने बड़े छोटे तो किसी ने कई रंग देते हुए नंबर प्लेटों को बनवाया है। ऐसा भी नहीं कि ये दो पहिया वाहनों में ही हो रहा है बल्कि चार पहिया वाहनों के चालक भी इस दौड़ में पीछे नहीं है। कई वाहनों की नंबर प्लेट तो जंग लग खराब भी हो चुकी है। लेकिन इसके बावजूद भी आमजन इसे बदलने का नाम नहीं ले रहे हैं।

### रोज़ उड़ा रहे है मज़ाक

शहर में जहां युवा वर्ग नंबर प्लेटों में निर्धारित मापदंड में नंबरों को न लिखकर उन्हें आकर्षक ढंग से लिखवाकर नियमों का मखौल उड़ा रहे हैं जिसपर आम लोगों का कहना है कि यातायात विभाग को ऐसे लोगों पर कार्रवाई कर इन नंबर प्लेटो पर लगाम लगानी चाहिए।

यदि विभाग द्वारा सख्ती से कार्यवाही की जाए तो कई वाहन चालक गलत नंबर लिखे होने के कारण जुर्माने भरने के भागीदार बन सकते हैं।

### क्या बोलता हैं नियम

यातायात विभाग से निर्धारित किए गये नंबर प्लेटों के नियम के मुताबिक नंबर प्लेट सफेद रंग की होनी चाहिए जिसके अंतर्राष्ट्रीय भाषा में काले रंग से नंबर स्पष्ट रूप से लिखे होने चाहिए। नंबर किसी भी प्रकार के आडे तिरछे तरीके से नहीं लिखे होने चाहिए। बाद में सारे वाहनों के लिए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट को जरूरी कर दिया गया है लेकिन इस नियम का फिलहाल कम ही वाहन चालक पालन कर रहे हैं। बाकी तो न जाने कितने वाहन चालक मनमर्जी से अपने वाहनों मे नंबर लिखवाकर वाहन दौड़ाते रहते हैं।

# 16 किलो गांजे के साथ मां-बेटा गिरफ्तार



**नवभारत, जबलपुर।** क्राइम ब्रांच व गोरखपुर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर हाथीताल में से घेराबंदी कर माँ-बेटा को गिरफ्तार को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 16 किलो गांजा बरामद हुआ है। पुलिस अब इस बात की बारीकी से जांच कर रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में गांजा कहां से लाया गया था और इसकी सप्लाई किसे की जानी थी। आरोपियों से पूछताछ में बड़े नेटवर्क का खुलासा होने की उम्मीद है।

गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि हाथीताल के पास क्राइम ब्रांच व गोरखपुर पुलिस ने दबिश दी वहां संदिग्ध अवस्था में ट्रॉली बैग लेकर खड़ी महिला एवं पुरूष घबरा गए और भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने दोनों की घेराबंदी कर चंदन जैन (37 वर्ष) और उसकी मां श्रीमती राजुल जैन उर्फ राजकुमारी जैन (63 वर्ष) दोनों हाथीताल हाउसिंग बोर्ड, गोरखपुर निवासी को रोक लिया। संदेह होने पर जब पुलिस ने उनके पास मौजूद दो ट्रॉली बैगों की तलाशी ली, तो अधिकारी भी हैरान रह गए। दोनों बैगों में 8-8 पैकेट रखे हुए थे। एनडीपीएस एक्ट की प्रक्रियाओं के तहत जब पैकेटों को खोलकर तौल की गई, तो कुल 16 किलो 680 ग्राम गांजा बरामद हुआ। जब्त किए गए गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 8 लाख 34 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर मां-बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।